### एक नजर में

#### मादा तेंदुआ के शिकारियों की जमानत खारिज

**देवास।** विगत दिनों में ग्राम पालनगर में मादा तेंदुआ शिकार में वन विभाग द्वारा पकडे गये आरोपियों की कोर्ट में लगाई गई जमानत की याचिका को सी.जी.एम. देवास श्री अभिषेक गौड पंचम अपर सत्र न्यायाधीश देवास द्वारा खारिज कर दी गई। जमानत याचिका में संबंधित आरोपियों ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को नकारा था। शासकीय अधिवक्ता जयंती पुराणिक द्वारा वन विभाग का पक्ष रखा गया। जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी देवास राजेश चौहान, परिक्षेत्र सहायक देवास-ए श्याम शर्मा, बीटगार्ड नागदा विजय चौधरी, कोर्ट प्रभारी सचिन व्यास की मौजूदगी रही।

#### पंप हाउस का नाम यशवंत सिंह के नाम करने की मांग

**देवास।** हाटपिपलिया माइक्रो इरिगेशन परियोजना के तहत बन रहे पंप हाउस जो ग्राम हीरापुर में एलएनटी कंपनी द्वारा प्रस्तावित एवं निर्माणधीन है का नाम ग्राम हीरापुर के राजा राव यशवंत सिंह के नाम करने की मांग सभी क्षेत्र वासियों ने की है हाटपिपलिया माइक्रो इरिगेशन परियोजना का जो पंप हाउस हीरापुर की भूमि पर ही बनने वाला है और यह बड़ी परियोजना है जो सेक्टर के लिए निर्माण धिन है जिसका पंप हाउस ग्राम हीरापुर विकासखंड कन्नौद तहसील सतवास जिला देवास मैं बनने वाला है इस पंप हाउस का नाम राव राजा यशवंत सिंह के नाम पर करने की मांग ग्राम हीरापुर एवं समस्त क्षेत्र वासियों ने की है प्राचीन समय में ग्राम हीरापुर के राजा राव यशवंत सिंह हुआ करते थे जिनके वंशज आज भी हीरापुर में निवास करते हैं और सभी क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में काम आते हैं

#### 4 माह पहले आवास की पहली किस्त डाली, पुराने मकान तुड़वाये



**बागली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना लाकर जरूरतमंद लोगों के आशियाना बसा रहे हैं। लेकिन जवाबदार लोग इसके विपरीत गरीब लोगों के आशियाना तुड़वाने के नोटिस जारी कर पुराने मकान तोड़ने का फरमान जारी कर रहे हैं। जबकि दूसरी और तीसरी किस्त 4 महीने बाद तक नहीं डली हितग्राहियों का कहना है कि कुछ दिनों तक वह पुराना मकान तोड़कर व्यवस्था स्वरूप अन्य किराए के मकान में रह सकते हैं लेकिन किस्त नहीं डाल पाने के कारण नया मकान अधूरा है। और किराया पूरा चल रहा है उनके साथ धोखा हो गया पहले अच्छे थे टूटे-फूटे घर में रह रहे थे लेकिन किराए की चिंता नहीं थी वर्तमान में उनके मकान भी पूर्ण नहीं हो पाए और मकान किराया अलग से लागू हो गया यह सब बेहरी ग्राम पंचायत मैं देखने में आया आवास हितग्राही देव नारायण ने बताया कि पहले एक किस्त डालकर उसका रहवासी कच्चा मकान तुड़वा दिया अब बाकी बच्ची किस्त नहीं डाल रहे वह मजबूरी में किराए के मकान में रह रहा है। इसी ऐसी पंचायत के आवाज हितग्राही अर्जुन सिंह श्याम देवनारायण कन्हैयालाल भेरू सिंह सहित 80 से अधिक हितग्राही किस्त के लिए परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में नाम ना बताने की शर्त पर जनपद से जुड़े अधिकारी बताते हैं। कि शासन स्तर पर ऊपर से ही किस्त जारी नहीं हो पा रही है। इसलिए वह कुछ कर नहीं सकते।

#### नगर निगम टीम द्वारा नप सोनकच्छ प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण



**सोनकच्छ।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण कर नगर परिषद कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की। जहाँ बैठक के दौरान नगर निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी द्वारा सीएमओ अमरदास सेनानी से चर्चा के दौरान गीले-सूखे कचरे के प्रबंधन, सफाई मित्रों के प्रशिक्षण व परीक्षण, बैकलेन सौंदर्य करण, रात्रिकालीन सफाई ,शहर में शौचालय एवं मूत्रालय की स्थिति के साथ तालाब सफाई ,शहर में लीटर बिन की व्यवस्था ,पॉलीथिन प्रतिबंध आदि प्रमुखबिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान नगर परिषद सोनकच्छ उपयंत्री जितेंद्र मारू,नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन से विश्वजीत सिंह , विशाल जोशी, दीपक अग्रवाल , अरुण तोमर आदि उपस्थिति थे।

#### पुलिस एवं प्रशासन की नवीन पहल

**कॉंटाफोड़।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोद एवं कलेक्टर देवास ऋतुराज सिंह के आदेश निर्देशानुसार पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से लोकल स्तर पर जनसुनवाई के माध्यम से जमीन संबंधी विवादों का निराकरण करेंगे इसी तारतमय में 6/01/25 दिन मंगलवार को थाना कांटाफोड़ परिसर में जमीन विवाद संबंधी निराकरण हेतु जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार सतवास कन्नौजे, राजस्व स्टाफ और थाना कांटाफोड़ प्रभारी सुरेखा निमोदा एवं स्टाफ उपस्थित रहा ,कुल 12 आवेदकों की समस्याएं सुनी गई और उनके निराकरण संबंधी सुझाव आवेदकों को बताए गए। 02 दो लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया जिन लोगों की भूमि पर अवैध कब्जा ,अतिक्रमण था उन्हें कब्जे की कार्रवाई हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन हेतु बताया एवं सीमांकन की कार्रवाई हेतु भी समझाइश दी गई जमीन नामांतरण के मामले में भी पुराना रिकॉर्ड पेश करने हेतु बताया गया।

#### जनसुनवाई में आधा दर्जन आवेदनों पर त्वरित निराकरण

**सतवास।** देवास कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक आदेशानुसार प्रशासनिक कार्यालयों में भूमि निराकरण संबंधित शिविर आयोजन किया गया। सतवास तहसील के अंतर्गत पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भूमि निराकरण पर संयुक्त रूप से शिविर का आयोजन किया गया। भूमि निराकरण संबंधित मामलों में पुलिस प्रशासन भी सम्मिलित रहता है अलग-अलग शिविर आयोजन के कारण प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती जिससे निराकरण हो पाना असंभव सा हो जाता है जिसके तहत संयुक्त रूप से सतवास में भूमि संबंधित निराकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें त्वरित आधा दर्जन मामलों पर निराकरण किया गया। सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर, पुलिस प्रशासन से एस.आई. विजय जाट, सरदार मंडलोई अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। तहसीलदार हरिओम ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा एक आदेश जारी किया गया हैं जिसमे राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों के निराकरण हेतु शिविर आयोजित किए गए शिविर के माध्यम से समस्याओं का हल किया जा रहा है।

## महापौर ने टंकियों का निरीक्षण कर परखी जल गुणवत्ता

**सफाई व्यवस्था और सप्लाई प्रणाली का बारीकी से किया अवलोकन**



**देवास।** शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। बुधवार को महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर की जल प्रदाय व्यवस्था में खुद मोर्चा संभालते हुए प्रमुख पानी की टंकियों का स्थल निरीक्षण किया। महापौर ने न केवल अधिकारियों से रिपोर्ट ली, बल्कि स्वयं सीढ़ियों के माध्यम से टंकियों पर चढ़कर पानी की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था और सप्लाई प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी उनके साथ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है, कि महापौर श्रीमती अग्रवाल ने हाल ही में जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों एवं वार्ड सुपरवाइजरों की बैठक लेकर पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए थे। बैठक में स्पष्ट किया गया था कि सभी पानी की टंकियों की नियमित एवं व्यवस्थित सफाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इन्हीं निर्देशों के पालन की समीक्षा के लिए महापौर ने बुधवार को शहर की बड़ी एवं ऊंचाई वाली पानी की टंकियों का निरीक्षण किया। उन्होंने शंखद्वार स्थित 15 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद साकेत नगर की 15 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी, जैतपुरा की 5 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी तथा देवास ग्रीन्स की ढाई लाख लीटर क्षमता वाली टंकी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कर्मचारियों से सफाई एवं सप्लाई व्यवस्था की जानकारी ली। नगर निगम की टीम द्वारा टंकियों के अंदर जमा गाद की सफाई की जा रही है। बुधवार को शहर की चार बड़ी पानी की टंकियों की सफाई करवाई गई। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने कहा देवासवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं स्वयं टंकियों पर चढ़कर यह सुनिश्चित कर रही हूं कि शहर में सप्लाई होने वाला पानी पूरी तरह स्वच्छ और सुरक्षित हो। पानी की टंकियों की नियमित सफाई अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सफाई कार्य व्यवस्थित एवं तय मानकों के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने शंखद्वार स्थित पानी की टंकी की रेलिंग एवं ढक्कन की स्थिति को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल रेलिंग की मरम्मत करने एवं ढक्कन बदलने के निर्देश दिए।

विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम की पूरी टीम निरंतर कार्य कर रही है। सभी पानी की टंकियों की सफाई करवाई जा रही है। यह निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि देवास शहर में कुल 19 पानी की टंकियों से जल वितरण किया जाता है और सभी टंकियों की सफाई का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शीतल गेहलोत, राजस्व विभाग समिती अध्यक्ष जितेंद्र मकवाना, पार्षद विकास जाट, पार्षद प्रतिनिधि अजय पंडित, बाबू यादव, प्रवीण वर्मा, मुकेश मोदी, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, प्रभारी कार्यपाल सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री राजेश कौशल उपस्थित रहे।

### रहवासियों से लिया फीडबैक

महापौर ने देवास ग्रीन्स क्षेत्र में रहवासियों से सीधे संवाद कर पानी की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक भी लिया। रहवासी राजकुमार शर्मा, हुकुमचंद पटेल सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि उन्हें स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पानी मिल रहा है। उन्होंने महापौर द्वारा जल गुणवत्ता को लेकर किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। महापौर ने कहा कि नागरिकों का फीडबैक ही असली मूल्यांकन है और इसी के आधार पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।

## चाइना डोर को लेकर पुलिस प्रशासन व राजस्व की संयुक्त कार्रवाई



**चाइनीज मांझा विक्रेताओं के दुकानों पर औचक निरीक्षण किया**

**भौरासा।** नगर में मकर संक्रांति पर्व को लेकर बच्चों में पतंग उड़ाने का उत्साह काफी देखने को मिल रहा है तो वही चाइना डोर की बिक्री का भी अंदेशा बना हुआ है बुधवार को देवास जिलाधीश के निर्देश अनुसार नगर में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नगर की पतन दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में नायब तहसीलदार नेहा शाह एवं थाना प्रभारी प्रीति कटारे अपने दलबल के साथ नगर की पतंग दुकानों पर चाइना डोर को लेकर कार्रवाई करने निकली नगर की पांच दुकानों पर निरीक्षण किया गया वही किसी के यहां पर भी चाइना डोर नहीं पाई गई वहीं सभी दुकानदारों को चाइना डोर न बेचने की हिदायत भी दि गई ,कहा कि अगर किसी के पास भी चाइना डोर मिलती है या पाई जाती है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी,विक्रेताओं से बात कर दुकान की सघन तलाशी ली गई इस दौरान किसी भी विक्रेता के यहां चाइना डोर नहीं मिली पुलिस टीम ने सभी को समझाइश दी कि आगे भी चाइना डोर ना रखें इससे आपके साथ-साथ आमजन भी सुरक्षित रहेंगे चाइना डोर मिलने पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह भदोरिया उप निरीक्षक प्रताप सिंह गॉड संजय तंवर, प्रधान आरक्षक अभिषेक पांडे, राहुल चावड़ा, अशोक चौहान, जितेंद्र तोमर, आरक्षक उमेश भदोरिया राजस्व नेहा मैडम, सहित आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## चायनीज मांझा बेचते दो लोगों पर कार्रवाई



**सोनकच्छ।** ऑपरेशन प्रहार के तहत स्थानीय पुलिस ने नगर के चुढी बाखल में निवासरत आरोपी अफसरा बी पति अफसर हुसैन की दुकान पर छापा मारा। यहां टीआई अजय गुर्जर ने घर में से प्रतिबंधित चायनिज मांझा जब्त किया। यहां पर टीआई से महिला द्वारा बहसबाजी भी की गई।

टीआई ने कहा कि, जानलेवा मांझा बेच रहे हो जो भी कहना है। कोर्ट में कहना। इसी क्रम में ग्राम सांवेर में एक दुकान पर दबिश दी। जहां से आरोपी पंकज पिता हुकमचंद जाट प्रतिबंधित चायनिज मांझा बेचते हुए पाया गया।

पुलिस ने दोनों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 223 का केस दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान एसआई हिमांशु पाण्डेय, प्रआर कुलदीप सिंह, आर श्यामबिहारी, लक्ष्मण, सुनिल, मोना, देवेन्द्र,नेहा, राजकुमार, रवि की सराहनीय भूमिका रही।

## जिला जेल देवास में महिला बंदियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रारंभ

**देवास।** कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से ही व्यक्ति अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकता है। जीवन में आने वाली कठिनाइयों से जूझते हुए आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए कौशल-आधारित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। एक सफल प्रशिक्षार्थी रोजगार अथवा स्वरोजगार के माध्यम से न केवल स्वयं बल्कि अपने परिवार का भी समुचित विकास कर सकता है। उक्त विचार हेमंत धनोंतिया, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) देवास ने जिला जेल देवास में आयोजित व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। जन शिक्षण संस्थान



देवास के निर्देशक डॉ. मुकेश मेहरडे ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय के निर्देशानुसार जेल में निरुद्ध बंदियों के लिए आय-मूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे रिहाई के पश्चात स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार के समग्र विकास के साथ समाज की मुख्यधारा में सकारात्मक योगदान दे सकें। इसी क्रम में देवास जिला जेल में महिला बंदियों के लिए ब्यूटी केयर असिस्टेंट प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने कहा कि जेल प्रशासन द्वारा बंदियों की अभिरुचियों के अनुरूप निरंतर संवाद कर विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य बंदियों को उपयोगी ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर उन्हें भविष्य में एक आदर्श नागरिक के रूप में समाज के विकास में सहभागी बनाना है। जेल परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मनीषा मालवीय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जेल प्रहरी चांदनी वीलाला एवं रेशम सारवे का सहयोग प्राप्त हो रहा है। सभी महिला बंदी प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रही हैं। कार्यक्रम में विजय सिंह भारिया (प्रमुख मुख्य प्रहरी), मुकेश रैकवाल, पूर्णिमा बाऊस्कर, मोनिका बरेठा, राहुल बालोदिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली भारद्वाज ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनिल कुमार दुबे, सहायक अधीक्षक द्वारा किया गया।

## विवादित भूमि पर हो रहा निर्माण कार्य, चिमनाबाई स्कूल कैंपस में डाली निर्माण सामग्री

**देवास।** बाला साहेब पलसे ने निगम आयुक्त को आवेदन देकर बताया कि देवेन्द्र सोनी एवं महेश सोनी द्वारा विवादित भूमि पर कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए मकान का निर्माण किया जा रहा है तथा उनके द्वारा शासकीय कन्या विद्यालय चिमनाबाई में मकान निर्माण की सामग्री डंप की गई है जिससे कि बालिकाओं को पार्किंग में परेशानी आ रही है। श्री पलसे ने बताया कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है उस पर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है, और उस पर स्टे लगा हुआ है। उसके पश्चात भी सोनी बंधुओं द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। श्री पलसे ने इस संबंध में 19 दिसम्बर को निगम आयुक्त एवं 31 दिसम्बर 2025 को महापौर



जनसुनवाई में भी आवेदन दिया गया था। उक्त निर्माण कार्य नगर निगम से वैधानिक अनुमति/स्वीकृत नक्शे के बिना किया जा रहा है तथा सिविल विवाद लंबित होने के बावजूद जानबूझकर निर्माण किया जा रहा है। इस प्रकार का निर्माण कार्य कानून एवं लोक शांति के विरुद्ध है तथा इससे क्षेत्र में शांति भंग होने की पूर्ण संभावना बनी हुई है। श्री पलसे ने बताया कि सोनी बंधुओं द्वारा किसी भी प्रकार की नगर निगम की अनुमति अथवा स्वीकृत नक्शे के बिना, विवादित संपत्ति पर अत्यधिक गहरा गड्ढा (खुदाई) किया गया है। यह गड्ढा अत्यंत खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रहा है। उक्त संपत्ति विद्यालय परिसर से लगी हुई (सन्निकट) है तथा विद्यालय एवं उक्त संपत्ति के चारों ओर कोई सुरक्षा दीवार / बाउंड्री / धेराव मौजूद नहीं है, जिसके कारण विद्यालय के छात्र-छात्राओं, स्टाफ एवं आम नागरिकों के गिरने अथवा गंभीर दुर्घटना होने की पूर्ण संभावना बनी हुई है। इस प्रकार की अनाधिकृत खुदाई से जन-जीवन को गंभीर खतरा, आकस्मिक दुर्घटना, जनहानि एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। श्री पलसे ने निगम आयुक्त से मांग की है कि उक्त विवादित संपत्ति पर हो रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। स्थल निरीक्षण कर निर्माण की वैधानिक जांच करवाई जाए। सिविल वाद लंबित होने के कारण उचित प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। उक्त भूमि पर स्टे आर्डर पारित किया गया है इसके बावजूद उक्त भूमि पर 6 इंच बाय 50 फीट क्षेत्र में अवैध रूप से खुदाई की गई है जो कि न्यायालय के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन हैं। श्री पलसे ने निगम आयुक्त से निवेदन किया है कि उक्त भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया जाए।

## भाजपा पार्षद मालवीय ने परिषद पर लगाए गंभीर आरोप

**टोंकखुर्द।** भाजपा पार्षद सुनील मालवीय ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मैंने पूर्व में भी नगर परिषद के मुख्य अधिकारी को अवगत करवाया है कि नाली में पेयजल की पाइपलाइन लगी है और वह सड़ चुकी है जिससे नगर वासियों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मुझे डेढ़ से 2 वर्ष हो गए हैं यह लड़ाई लड़ते-लड़ते मैंने कलेक्टर और उपसंचालक को भी यह मामला अवगत करवाया लेकिन नतीजा शिफर रहा नगर में ना तो सफाई व्यवस्था है और ना ही सुचारू रूप से शुद्ध जल मिल पा रहा है इस संबंध में आज भी मैं नगर परिषद में गया था लेकिन मुख्य नगर परिषद अधिकारी विगत 14 दिनों से परिषद में उपलब्ध नहीं है पूछने पर पता चलता है कि आज भोपाल मीटिंग में गए हैं कभी उज्जैन गए हैं कभी देवास गए हैं और कार्यालय पर उपलब्ध नहीं रहते हैं और ना ही पार्षदों से किसी प्रकार का विचार विमर्श करते हैं पानी के टंकी की भी विगत कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है और यहां पर भी इंदौर जैसी घटना घट सकती है वहां तो केवल 17 लोग ही मरे हैं लेकिन यहां उससे भी बड़ा हादसा हो सकता है गंदा पाइप का पानी पाइपलाइन के ऊपर गिरता है दरोगा भी साफ सफाई ठीक ढंग से नहीं करवा रहा है मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने मनमर्जी से कार्य करते हैं पार्षदों को कोई तवज्जो नहीं देते।

## वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**भौरासा।** वैश्य वमहासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा वर्ष 26 के बहुरंगी वार्षिक कैलेंडर का विमोचन स्थानीय इकाई द्वारा माहेश्वरी समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण की लाठी जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल मुख्य अतिथी थे। नगर वैश्य समाज अध्यक्ष प्रदीप मंत्री की अध्यक्षता में समाज के उपाध्यक्ष महेश बलदवा के सहित शिवजी संघवी गौरव गुप्ता पवन गोयल एवं संजय सेठी के विशेष अतिथि में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माता लक्ष्मी के चित्र पर दीप प्रवजलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। सभी अतिथियों का स्वागत समाज के सदस्य द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रदीप मंत्री द्वारा एवं संचालन माहेश्वरी समाज के जिला महामंत्री प्रकाश मंत्री एवं आभार समाज के नितिन शारड़ा द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि श्री



लाठी एवं श्री खंडेलवाल द्वारा समाज की उनती एकता एवं संगठन को मजबूत करने तथा देश एवं समाज हित में कार्य करने पर जोर दिया कैलेंडर में विवाह मुहूर्त मुख्य त्योहार राष्ट्रीय त्योहार जन्म जयंती पुण्यतिथि राशिफल समाज के पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर वैश्य घटकों की जानकारी जन्म कुंडली की सुन्दर प्रस्तुति हैं कार्यक्रम को समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे समाज के वरिष्ठ सदस्य महेश मंत्री घनश्याम लाहोटी महेश बलदवा ने भी संबोधित कर समाज की एकता पर जोर दिया इस अवसर पर समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

**एक नजर** कनाड नदी, यहां आकर आप मिनी कश्मीर जैसा अनुभव प्राप्त करेंगे

## पर्यटकों को तरसता यह स्थान मिनी कश्मीर से कम नहीं

**बागली।** बागली मुख्यालय से महज 55 किलोमीटर दूर पिपरी के निकट कनाड नदी के दोनों किनारो पर सहज और सरल तरीके से सभी प्रकार के वाहन पहुंच जाते हैं। तरानिया के निकट इस स्थान पर देवास जिले की सीमा समाप्त होती है। और उस पार खरगोन जिले की सीमा आरंभ होती है। तरानिया गांव खरगोन जिले में ही आता है। दोनों जिले की सीमा रेखा के रूप में बह रही कनाड नदी में प्रकृति की मेहरबानी इतनी अधिक है कि यहां आकर आप मिनी कश्मीर जैसा अनुभव प्राप्त करेंगे वर्ष के 12 महीने कल कल बहती यह नदी कई प्रकार के प्राकृतिक औषधिय पौधों से घीरी हुई है। और क्षेत्र वासियों के लिए प्रकृति की अनुपम धरोहर है। लेकिन इस स्थान के विषय में बहुत कम लोग जानते हैं इसलिए यह स्थान अभी भी महत्वपूर्ण पर्यटन स्थान के रूप में विकसित नहीं हो पाया है। छुट्टी के दिनों में कुछ परिवार काट कूट होते हुए इंदौर तरफ से और कुछ परिवार बागली देवास की तरफ से पिपरी होते हुए यदा कदा यहां पर दिखाई देते हैं। नदी के बीचो-बीच वर्ष के 8 से 9 महीने तक यहां पर कई स्थानों पर प्राकृतिक टापू उभर जाते है। यहां पहुंचकर दोनों तरफ बहती नदी का सुंदर दृश्य बहुत ही मनमोहक दिखाई पड़ता है। नर्मदा परिक्रमा वासी भी इसी रास्ते का उपयोग करते हुए पिपरी से सीधे 12 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए खरगोन जिले में प्रवेश लेकर ओंकारेश्वर पहुंच जाते हैं। विगत दिनों सोशल मीडिया पर इस मार्ग को पूर्ण करने की मांग भी उठी है। क्षेत्रीय निवासी जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि नदी के किनारे किनारे थोड़ी दूर तक पैदल चलने के बाद प्रकृति का बेहतर दृश्य दिखाई देने लगता है। इस स्थान पर परिवार सहित दिन के समय आराम से आ सकते हैं सभी प्रकार के वाहन यहां पर आ जाते हैं। फिर चाहे जितना नदी किनारे घूमने का मन हो घूम सकते हैं। जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि नदी में वर्ष भर पानी रहने का मुख्य कारण इस स्थान से 3 किलोमीटर ऊपर की ओर पहाड़ी में प्राकृतिक रूपका अक्षय बहता चश्मा है जहां से निरंतर बड़ी मात्रा में जमीन से निर्मल स्वच्छ पानी निकलता रहता है। यही पानी इस नदी में मिल रहा है इसे कनाड नदी का उद्गम स्थल भी कह सकते हैं। नीचे की ओर 18 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद यह नदी नर्मदा में विलय हो जाती है। मैदानी भाग में इस नदी की गोद में विभिन्न आकार प्रकार के रंगीन और चमकीले पत्थर मिल जाते हैं। नदी के आसपास बड़े-बड़े अर्जुन पेड़ वर्ष भर ठंडक बनाए रखते हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार नदी के बीच में उभरते टापुवो पर घास के बड़े बड़े मैदान दिखाई देते हैं जो कश्मीर प्रकृति की याद दिलाते हैं। इसके आसपास लगे पेड़ पौधे वृक्ष भी वर्ष भर हरे भरे दिखाई देते हैं। हालांकि इस मार्ग से परमिट वाहन(सवारी) वर्तमान में नहीं चल रहे हैं कुछ स्थान पर मार्ग को मरम्मत की आवश्यकता है। धारा जी पिपरी मार्ग की तरह इस मार्ग की भी स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं वन विभाग सुध ले ले तो क्षेत्र वासियों के लिए ओंकारेश्वर की दूरी 30 किलोमीटर दूर कम हो जाएगी। और यह स्थान आम पर्यटक लोगों के लिए आसान हो जाएगा